हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 9 जनवरी 2024

नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी



06 परिवहन में देरी होने से समय पर वितरित...






07 विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हितलाभ ...




**समय परिवर्तन : आज से जिले में समस्त स्कूल सुबह 9:30 बजे से पहले संचालित नहीं होंगे**

# 5 दिन बाद धूप निकली, आज हल्की बारिश के आसार, कल से खुलेगा मौसम

**सोमवार को मौसम में परिवर्तन दिखाई दिया। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आज हल्की बारिश के आसार हैं और बुधवार से मौसम खुलेगा। शिक्षा विभाग ने शीतलहर और सर्दी को देखते हुए सभी स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया है। अब स्कूल सुबह 9.30 से लगेंगे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नए साल की शुरूआत से ही सर्दी अपना असर दिखा रही है। महज 5-7 दिनों में तापमान कई बार अप-डाउन कर चुका है। हालांकि रविवार- सोमवार की दरमियानी रात न्यूनतम तापमान में 3.2 डिसे की गिरावट दर्ज हुई है और पारा 15.6 डिसे दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान में मामूली बढ़त दर्ज हुई है व तापमान 21.8 डिसे दर्ज हुआ। इस दौरान दिन की शुरूआत घने कोहरे के साथ हुई लेकिन दोपहर में सूर्य नारायण ने कुछ समय के लिए दर्शन दिए।




## 1046 फॉग पास डिवाइस का उपयोग कर चलाई जा रही ट्रेनें

हर साल, सर्दियों के महीनों में कोहरे के मौसम के दौरान, विशेष रूप से देश के उत्तरी हिस्सों में बड़ी संख्या में ट्रेनें प्रभावित होती हैं। सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए,रेलवे में कोहरे के मौसम के दौरान फॉग पास डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है। यह पहल ट्रेन सेवाओं की विश्वसनीयता में सुधार, देरी को कम करने और समग्र यात्री सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पमरे के तीनों मण्डलों में जिसमें जबलपुर मण्डल में 346 एफएसडी, भोपाल मण्डल में 299 एफएसडी एवं कोटा मण्डल में 401 एफएसडी सहित कुल 1046 फॉग पास डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है। फॉग पास डिवाइस एक जीपीएस आधारित नेविगेशन डिवाइस है, जो लोको पायलट को घने कोहरे की स्थिति में ट्रेन चलाने में मदद करता है। यह लोको पायलटों को सिग्नल, लेवल क्रॉसिंग गेट (मानवयुक्त और मानव रहित), स्थायी गति प्रतिबंध, तटस्थ खंड आदि जैसे निश्चित स्थलों के बारे में ऑन-बोर्ड वास्तविक समय की जानकारी (प्रदर्शन के साथ-साथ आवाज मार्गदर्शन) प्रदान करता है। इस प्रणाली से भौगोलिक क्रम में आने वाले अगले तीन निश्चित स्थलों में से लगभग 500 मीटर तक ध्वनि संदेश के साथ-साथ अन्य संकेतक मिलते हैं।

## आज से 9:30 बजे से होगा स्कूलों का संचालन

जिले में शीतलहर एवं बारिश के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जिले में समस्त स्कूल सुबह 9:30 बजे से पहले संचालित नहीं होंगे। नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय सिंह बिसेन ने बताया कि जिले में 9 जनवरी से आगामी आदेश तक समस्त शासकीय, अशासकीय,केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, आईसीएसई, सीबीएसई अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों आंगनवाड़ी को निर्देशित किया गया है कि दो पारी के स्कूल या किसी भी संस्था का संचालन प्रातः 9:30 बजे के पूर्व प्रारंभ नहीं करें।

## आज फिर होगा मौसम में परिवर्तन, कल से राहत

कड़ाके की ठंड से ठिठुरते लोगों को राहत अभी नहीं मिलने वाली। मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेन्द्र यादव ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में मंगलवार को हल्की बारिश के आसार बने हुए हैं। इसके बाद बुधवार से मौसम धीरे-धीरे खुलने लगेगा और न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी, जिससे रातें ठंडी होंगी। वहीं मंगलवार को सुबह घना कोहरा रहने के आसार हैं। जिससे आमजीवन पर असर पड़ेगा।

# मीनाक्षी चौक पर नपा की गुमटियों को पीछे करने की कवायद शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

करीब एक वर्ष पहले मीनाक्षी चौक पर लगाए गए सिग्नल को शुरू करने का रास्ता अब धीरे-धीरे साफ हो चला है। सोमवार को जिला प्रशासन और नगरीय प्रशासन ने सड़क किनारे रखे नगर पालिका के टपों को पीछे करने की कार्रवाई के तहत टपों के पीछे स्थित दीवाल को तोड़ दिया। जिससे सड़क किनारे रखे टप करीब 10-10 फिट पीछे मंगलवार से शिफ्ट किए जाएंगे। जिससे मीनाक्षी चौक की सड़क और चौड़ी होगी और यातायात में बाधक बनने वाला लेफ्ट टर्न खाली जाएगा। इसके बाद सड़क और ट्रेफिक सिग्नल को व्यवस्थित कर सुचारू रूप से चालू किया जाएगा।

सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सर्राफ ने बताया कि दुकानों के पीछे स्थित दीवाल तोड़कर दुकानों के लिए जगह को समतली करण कर दिया गया है। अब मंगलवार से दुकानों को धीरे धीरे करके शिफ्ट करवाया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर को भी पीछे विधि-विधान से शिफ्ट करेंगे। जिससे आगे सड़क चौड़ी जाएगी और यातायात सुचारू रूप से संचालित होगा। इस कार्रवाई के दौरान सीएमओ नवनीत पांडे भी मौजूद थे। विदित हो कि पूर्व में पीली गुमठी संघ ने कलेक्टर, विधायक एवं नगर पालिका सीएमओ को पत्र लिखा था कि उक्त कार्रवाई 1 महीने पर बाद प्रारंभ की जाए जिससे कि गुमटी वाले अपना सामान सुरक्षित निकाल सके। इस कार्रवाई से रोड के दोनों तरफ दस दस फीट की जगह मिल जाएगी जिससे आगे फिर कभी जाम की स्थिति नहीं बनेगी।

## आज 10 से 2 बजे तक विद्युत प्रवाह रहेगी बाधित

**नर्मदापुरम।** 11 के वी लाइन एवं उपकेन्द्र का रखरखाव कार्य 9 जनवरी को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक किया जाना है, जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी। प्रबंधक (शहर) जोन 1 मप्र मक्षेविविकंलि नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि मेंटेनेंस के दौरान ग्वालटोली फीडर अंतर्गत सिंधी कालोनी, किरन होटल, नुक्कड़ चौक, काली मंदिर, लश्कर चौक, नर्मदा कालोनी, आदमगढ़, बंगाली कालोनी एंव अन्य संबंधित क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी।

## अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई, दो ट्रैक्टर ट्राली की गई जब्त



**नर्मदापुरम।** जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को खनिज विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत बरूडआ में अवैध रेत का परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर ट्राली तथा ग्राम जमानी में बजरी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया गया है। दोनों ट्रालियों को संबंधित क्षेत्र के थाने में अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त वाहनों पर मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई के दौरान जिला खनिज अधिकारी देवेश मरकाम, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान एवं निरीक्षक कृष्णा परस्ते सहित माइनिंग विभाग की टीम उपस्थित रहीं।

# क्षय रोग मुक्त करने 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को लगेगा बीसीजी का टीका

**जिला कार्यशाला में प्लान तैयार करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सामान्यतः जन्म के बाद नवजात को लगने वाला बीसीजी का टीका अब 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को भी लगाने की तैयारी है। इसके लिए योजना तैयार हो गई है। जिले के क्षय रोग मुक्त करने के लिए यह टीकाकरण एक अभियान की तरह किया जाएगा। इसे लेकर जिला प्रशिक्षण केंद्र में जिला कार्यशाला में सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार, डीआईओ डॉ आरके वर्मा ने माइक्रोप्लान बनाकर उपस्थित अधिकारियों को जानकारी देते बीसीजी टीकाकरण करने पर जोर दिया। डीआईओ ने कार्यशाला में स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के अमले से कहा कि जिले को क्षयमुक्त करने के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को किया जाने वाला बीसीजी टीकाकरण का कार्य आपसी समन्वय के साथ कराया जाना सुनिश्चित करें। इस टीकाकरण कार्य के लक्ष्य प्राप्ति के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर जिले के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के वार्डों में सर्वे कराकर संबंधित नागरिकों का बीसीजी टीकाकरण किया जाए। कार्यशाला में जिला क्षय अधिकारी डॉ प्रियंका दुबे, डॉ अविनाश कनेरे, संजीव पांडे, विशेष दुबे ने 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को किए जाने वाले बीसीजी टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उक्त जानकारी सुनील साहू ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य वर्ष 2025 तक देश को क्षय मुक्त करना है। इसके लिए 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरुषों का बीसीजी टीकाकरण किया जाएगा। इसमें हितग्राहियों से सहमति लेकर जो 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाना है। इसके तहत 18 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु वर्ग के महिला एवं पुरुषों को शासन के प्रोटोकॉल अनुसार व्यक्ति तंबाकू का धूम्रपान करते हो,जिन्हें डायबिटीज हो एवं जिनके बॉडी जिनके मास्क इंडेक्स 18 से कम परिवारों में पिछले 5 वर्ष में कोई टीबी का मरीज रहा हो या टीबी मरीज के संपर्क में रहा हो या व्यक्ति स्वयं 3 वर्ष के अंदर टीबी का मरीज रहा हो ऐसे लोगों को बीसीजी के टीके लगाने के लक्ष्य समूह में रखा गया है। इस टीकाकरण अभियान के लिए सबसे पहले आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर पहुंचकर इसका सर्वे कराया जाएगा एवं ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर माइक्रोप्लान तैयार कराया जा रहा है। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ आर के चौधरी, समस्त ब्लॉक के बीएमओ, एपीएम, जिला कोल्ड चैन मेकेनिक,बीई, बीपीएम,बीसीएम, ऑपरेटर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 को

**नर्मदापुरम।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी के अवसर पर प्रदेश के साथ जिले में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि सामूहिक सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय कार्यक्रम सेठानी घाट पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, जनपद , नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र में सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि विशेषकर जिले के पर्यटन स्थल धूपगढ़, मढई सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर भी सामाजिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने नमस्कार के संबंध में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी जिपं, समस्त जिला कार्यालय प्रमुखों, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिम जाति, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, जपं सीईओ, सीएमओ को निर्देशित किया है कि वे सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन संबंधी आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' विषय पर निबंध स्पर्धा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा कॉलेज में सोमवार को वोट जैसा कुछ नहीं- वोट जरुर डालेंगे हम विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मतदान प्रक्रिया में जन सामान्य और युवाओं की सहभागिता के साथ मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हिंदी विभाग के तत्वावधान में अनेक विद्यार्थियों ने निबंध लेखन में हिस्सा लिया।

प्राचार्य डॉ ओएन चौबे के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुई।इस अवसर पर निर्वाचन नोडल अधिकारी डॉ आर एस बोहरे ने विद्यार्थियों को विषय का महत्व बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का वोट देश के भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य और वोट के प्रति गंभीर जिम्मेदारी को संदर्भित किया। प्रतिभागियों ने रोचक और बेहतर तरीके से निबंध लेखन किया। संयोजक डॉ केजी मिश्र ने परिणाम घोषित किए। जिसमें प्रथम अर्जुन यादव, द्वितीय शुभी जोशी, तृतीय समर्थ पटवा और महक पटवा तथा चतुर्थ स्थान पर आशुतोष पार रहे। उल्लेखनीय है प्रथम प्रतिभागी को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने निबंध प्रस्तुत करने होंगे। प्राचार्य डॉ चौबे, डॉ अमिता जोशी ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में डॉ अंजना यादव, डॉ रुपा भावसार, डॉ शोभा बिसेन,प्रो शिवकांत मौर्य, रीना सक्सेना, का सहयोग रहा। अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कबड्डी स्पर्धा में नर्मदापुरम जोन बना विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनजातीय कार्य विभाग के स्टॉफ की राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरीखुर्द आयोजित हुई। स्पर्धा के फायनल में मेजबान नर्मदापुरम जोन ने इंदौर जोन को 42-26 अंकों से पराजित कर विजेता का खिताब जीता। आधे समय तक नर्मदापुरम जोन की टीम 23-14 से आगे थी।

उल्लेखनीय है कि जनजातीय कार्य विभाग के स्टॉफ के लिए इस प्रकार की स्पर्धा दूसरी बार नर्मदापुरम संभाग की मेजबानी में आयोजित की गई है। स्पर्धा के अंतिम मैच के दौरान संभागीय उपायुक्त जेपी यादव उपस्थित रहे तथा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। शैलेन्द्र दीक्षित प्राचार्य शाउमावि सेमरीखुर्द, प्रदीप सिंह राजपूत, प्राचार्य सीएम राईज विद्यालय सुखतवा, विद्यालय के शिक्षकगण तथा विद्यार्थी दर्शक के रूप में उपस्थित थे। स्पर्धा उपरांत जनजातीय कार्य विभाग की राज्य स्तरीय टीम का चयन किया गया है। जिसमें प्रवीण दुबे (कप्तान) आशुतोष कुशवाह, राजेन्द्र सिंह राजपूत, सुखनार कलमें, अनिल गालर, आशीष उइके, सुखमन कवड़े, मलवन शाह नरें , रायसिंह ढकिया, शंकर सिंह परमार, मानसिंह बामनियों हेमरथ तोमर।

उक्त चयनित दल 14 से 16 जनवरी 2024 तक सीहोर में आयोजित शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेगा। उल्लेखनीय है कि जनजातीय कार्य विभाग की कबड्डी टीम ने गतवर्ष शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय स्पर्धा में विजेता होकर गोल्ड मैडल जीता था। संभागीय उपायुक्त जेपी यादव ने चयनित दल को शुभकामनाएं दी।

**लापरवाही बरतने वाले सुपरवाइजर और सीडीपीओ के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश**

# कलेक्टर ने योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने विभिन्न योजनाओं एवं समसामयिक विषयों की विस्तार से समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने भुगतान संबंधी एक एक शिकायतों को चिन्हित कर निराकरण करने के निर्देश सीएमएचओ और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए।

कलेक्टर ने लाड़ली बहना योजना और अन्य योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले सुपरवाइजर और सीडीपीओ के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए। धान उपार्जन की समीक्षा कर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बारिश की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बनखेड़ी के ओपन केंद्रो से धान का सुचारू रूप से परिवहन कराएं। ऐसे केंद्रो पर वाहनों सहित आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी बढ़ाएं। उपार्जन संबंधी अधिकारी इन केंद्रों का भ्रमण कर निरंतर निगरानी करें। एसडीएम पिपरिया भी अलर्ट रहे। खंड स्तरीय उपार्जन समिति के साथ लगातार केंद्रो का विजिट कर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। बारिश के कारण धान भीगने की स्थिति निर्मित न हो यह भी सुनिश्चित करें। उन्होंने बनखेड़ी के लो लाइन एरिया में बनाएं गए ओपन केंद्रो के स्थान पर नए केंद्र प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा की भी कलेक्टर ने विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने हेल्थ स्क्रीनिंग, पीएम उज्जवला योजना में ईकेवाईसी और वितरण की समीक्षा कर उन्होंने संकल्प यात्रा के दौरान पीएम उज्जवला योजना के शेष हितग्राहियों को भी लाभान्वित कर योजनांतर्गत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश जिला आपूर्ति नियंत्रक को दिए।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड का भी शत प्रतिशत वितरण कराएं। पशुपालकों और मत्स्यपालकों के केसीसी के प्रकरण बैंक से समन्वय कर स्वीकृत और वितरण किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के संबंध में हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजन में आवेदनों की संख्या बढ़ाकर निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति लाने के निर्देश दिए। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में बीएलओ के साथ बैठक कर निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सभी आवश्यक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची का वाचन कराएं। 13 जनवरी और 20 जनवरी को बीएलओ डोर टू डोर जाकर सर्वे करें। 18 से 19 वर्ष के नव मतदाताओं के नाम प्राथमिकता से जोड़े जाएं। उन्होंने समयसीमा के प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा कर आगामी टी एल बैठक से पहले लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग समयसीमा के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं।

# नर्मदांचल क्षत्रीय लोणारी कुन्बी समाज की बार्षिक बैठक में लिए गए अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदांचल क्षत्रिय लोनारी कुन्बी समाज विकास समिति की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डी आर धोटे द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। समिति के अध्यक्ष ने पूर्व में किए गए सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया। तत्पश्चात प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पश्चात होने वाले वार्षिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 4 फरवरी को माता हिंगलाज देवी के प्रांगण में सामाजिक वार्षिक कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम में हल्दी कुमकुम, हिंगलाज देवी पूजन एवं मां नर्मदा की पूजा अर्चना की जाएगी। नर्मदांचल क्षत्रीय लोणारी कुन्बी समाज विकास समिति की वार्षिक बैठक के कार्यक्रम में समिति के प्रदेश अध्यक्ष जे एन राने, संरक्षक बी आर देशमुख, संरक्षक टीआर गायकवाड, उपाध्यक्ष दिनकर बारस्कर, सचिव एन आर अड़लक, कोषाध्यक्ष डी आर धोटे, सहसचिव अरुण गावंडे, सह कोषाध्यक्ष एन डी वराठे, प्रवक्ता विजय कुंभारे, गौरव खाडे, भूपेंद्र कुंभारे, गुलाबराव गीदकर, अशोक माथनकर, तुलसीराम गायकवाड, मार्तंड देशमुख उपस्थित रहे। समिति के प्रदेश अध्यक्ष राने द्वारा कहा गया कि समिति द्वारा बच्चों के सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा जाएगा और समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा। कोषाध्यक्ष धोटे द्वारा पूर्ववर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।

**खबर संक्षेप**

### लायंस क्लब ने किया कंबल का वितरण

**भौंरा।** दिनों दिन बढ़ रही ठंड से बचाव के लिए नगर की समाज सेवी संस्था लायंस क्लब ने भौंरा के उप ग्राम भौंरा ढ़ाना में जाकर जरूरत मन्द परिवार के लोगों को निशुल्क कम्बल का वितरण किया। क्लब के अध्यक्ष लायन संजय शुक्ला के नेतृत्व में क्लब के अशोक अग्रवाल, राजेंद्र सिरोटिया, पराग राठौर, रूपनारायन मालवीय, शशि कांत मिश्रा, प्रेम उदय पुरे, महेंद्र सिरोटिया, दीपक पवार, दीनदयाल पाटन कर, मीरा धुर्वे सहित अन्य सदस्यों ने इस आदिवासी बाहुल गांव में जाकर ठण्ड में लगभग 15 महिला एवं पुरुष को कंबल का वितरण किया।

### संकट मोचन हनुमान समिति की बैठक संपन्न

**बैतूल।** संकट मोचन हनुमान समिति की बैठक गणेश वार्ड चुन्नीढ़ाना के हनुमान मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें 22 जनवरी दीपावली उत्सव की तरह मनाने का प्रस्ताव पारित किया गय। श्याम टेकपुरे ने बताया कि इसी दिन सुबह हनुमान जी महाराज का प्रातःकाल श्रृंगार, हनुमान चालीसा का पाठ, श्रीराम जयराम जयजय राम विजय महामंत्र,आरती व प्रसादी वितरण कार्यक्रम होगा। बैठक का संचालन संतोष चन्द्रसुरे ने व आभार साहबलाल रावत ने व्यक्त किया। सुरतीया चन्द्रसुरे, कमला गलफट, पप्पू साहू, दीपा मालवी, लवकेश मालवी आदि मौजूद थे। सोहनलाल राठौर ने बताया कि पार्षद विजय जसूजा ने 11 बजे से अयोध्या का कार्यक्रम हनुमान मंदिर परिसर में एलएडी के बड़े स्क्रीन पर दिखाने का आश्वासन दिया। बैठक में पार्षद विजय जसूजा, सोनू मोरे, गोलू उइके, नंदकिशोर लहरपुरे, मनोज मोरे, राधा मोरे, शीतल कामतकर सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे। उर्मिला मालवी ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### आरटीएच इलेवन व चौरे क्रिकेट क्लब बगडोना सुपर 16 में पहुंची

**सारनी।** स्व.विजय कुमार खण्डेलवाल स्मृति मे राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के दुसरे दिन 2 मैच खेले गए।पहला मैच आर एन किक्रेट क्लब पाथाखेड़ा एवम चौरे कम्पयूटर क्रिकेट क्लब बगडोना के बीच खेला गया पहले खेलते हुए आर एन क्रिकेट क्लब पाथाखेड़ा ने निर्धारित 10 ओवर में 91 रन बनाए जवाबी पारी खेलने चौरे कम्पयूटर क्रिकेट क्लब ने मैच 9 वे ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाकर मैच 7 विकेट से मैच जीत लीया। इन मैच के मैन ऑफ द मैच अरविन्द रहे जिन्होंने 11 बाल पर 21 रन जबरदस्त पारी खेली बॉलिंग करते हुए 3 विकेट लिये। मैन आफ द मैच का पुरुस्कार नर्मदापुरम से पधारे सतोष पारिख एव धर्म जागरण के प्रभारी जोगेन्द्र सुर्यवशी द्वारा प्रदान किया गया। दुसरा मैच आरटी एच 11 पाथाखेड़ा एवम फ्लाइंग इलेवन पाथाखेड़ा के बीच खेला गया पहले खेलते हुए आरटीएच इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 80 रन बनाए।जवाबी पारी खेलने उतरी फ्लाइंग इलेवन ने 10 ओवर में 57 रन बनाकर रन बनाकर आल आउट हो गयी आरटीएच जुनियर ने यह मैच 24 रनो से मैच जीत लिया।

## पात्र उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी, जिम्मेदार अधिकारी अनजान

# परिवहन में देरी होने से समय पर वितरित नहीं हो रहा निशुल्क राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

**ब्लॉक के खेड़ली बाजार बोरदेही, मोरखा एवं खेड़ली बाजार क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सार्वजनिक निःशुल्क राशन वितरण प्रणाली का राशन समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।**

राशन प्राप्त करने हेतु उपभोक्ताओं को बार-बार सोसाइटी के चक्कर लगाने पड़ते हैं। समय पर राशन वितरण नहीं होने की मुख्य वजह है वर्तमान गोदाम से सोसायटियों की अधिक दूरी जिस कारण राशन का समय पर परिवहन नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों को समय पर योजना का लाभ नहीं मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि सरकार की मंशानुरूप पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिले लेकिन धरातल पर ऐसा नहीं हो पा रहा है।




### दो सप्ताह से अधिक समय करते हैं इंतजार

क्षेत्र के जनपद सदस्य राजेश पहाड़े, जनपद सदस्य देवा पंद्राम का कहना है कि हमारे क्षेत्र में गरीबी रेखा कार्ड धारकों को मिलने वाला निशुल्क खाद्यान्न समय पर उपलब्ध नहीं हो रहा है उन्हें कई बार दो - दो सप्ताह तक इंतजार करना पड़ता है।हितग्राहियों को बार-बार सोसाइटी के चक्कर लगाने पड़ते हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है। संबंधित अधिकारियों इस ओर ध्यान देना चाहिए तथा राशन का भंडारण नजदीक करना चाहिए जिससे गोदाम से सोसायटियों तक राशन का समय पर परिवहन हो सके।

### पात्र हितग्राहियों में पनप रहा आक्रोश

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में ग्राम झीटापाटी के गोदाम से लगभग 4000 क्विंटल राशन का परिवहन 60 से 70 किमी दूर ग्रामीण अंचलों में होता है। क्षेत्र में लगभग 11 हजार 600 परिवार निःशुल्क राशन प्राप्त करने की पात्रता रखते हैं। ग्रामीण बढ़ी उम्मीद से निर्धारित तिथि व दिन के अनुसार सोसायटी पंहुचते है लेकिन दुकान पर राशन उपलब्ध नहीं होने से उन्हें मायूस होकर खाली हाथ लौटना पड़ता है।कई महीनों से ऐसी ही स्थिति बनी हुई है जिस कारण उपभोक्ताओं में आक्रोश पनप रहा है। यदि सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली के राशन का भंडारण नजदीक किया जाए तो राशन का परिवहन समय पर हो सकता है।

### चर्चा करेंगे...

ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि परिवहन में देरी के चलते निःशुल्क राशन का समय पर वितरण नहीं हो पा रहा है। वर्तमान गोदाम से सोसायटियों की दूरी अधिक है। शासन की योजना का समय पर लाभ मिले यह हमारी प्राथमिकता है। नजदीक भंडारण के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

**किशनसिंह रघुवंशी,**
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत आमला

## सम्मेलन में की गई चर्चा

# मठारदेव मेले में होंगे धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

श्रीश्री 1008 मठरदेव बाबा का मेला प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 12 से 22 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। मेले के आयोजन को लेकर सोमवार को परिषद के विशेष सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका परिषद सारनी में किया गया।

इस अवसर पर परिषद ने मेल के आयोजन को लेकर निकाली गई ऑनलाईन निविदा के कार्यों की दरों को मंजूरी दी। परिषद का विशेष सम्मेलन दोपहर एक बजे से शुरू हुआ। मठारदेव मेला आयोजन एवं गार्ड एवं गनमन की सेवाए लने को लेकर दो प्रमुख बिदुओं पर चर्चा किशोर बरदे से हुई।बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष जगदीश पवार,सांसद प्रतिनिधि रविंद्र पांसे, विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिह पार्षदगण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम की उपस्थिति में बैठक का अयाजन किया गया।बैठक में मठारदेव मेले से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई। इसमें भोजन, पानी, फ्लैक्स, प्रिंटिंग निर्माण कार्य, पेयजल व्यवस्था, प्लाट कटिंग, बिजली व्यवस्था सहित अन्य मेला व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई।सभी कार्यों की ऑनलाईन निविदा नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा निकाली गई। ऑनलाईन आई दरों को परिषद ने पारित किया।इसके बाद द्वितीय बिंदु गार्ड एवं गनमैन की सेवाएं लेने के एजेंडे पर चर्चा हुई। आनलाइन निविदा में चार निविदाकारों की दरें समान आई। इसके बाद पर्ची निकालकार एल-1 का चयन किया गया।इसमें गजानन सिक्यूरिटी को चयनित किया गया। पार्षदों ने बैठक में कहा कि मठारदेव बाबा का मेला वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है इसलिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए।बैठक के बाद परिषद के पार्षद निरीक्षण के लिए मेला परिसर में पहुचे। यहां पुताई सहित विभिन्न कार्यों का अवलोकन और निरीक्षण करने का कार्य किया गया।

## ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत, अनियमितता के लगाए आरोप

# ग्राम रोजगार सहायक, प्रभारी सचिव को पद से पृथक करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आमला की ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के लिए अधिकारी रुचि लेते नजर नहीं आ रहे हैं। लाखों के भ्रष्टाचार की शिकायत मय प्रमाण के महीनों से की जा रही है। इसके बावजूद अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। गौरतलब है कि भ्रष्टचार, गबन एवं वित्तीय अनियमितता के आरोप में संलिप्त ग्राम पंचायत मालेगांव के ग्राम रोजगार सहायक, प्रभारी सचिव को पद से पृथक करने की मांग की जा रही है।

सोमवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की। शिकायतकर्ता ग्रामीण प्रकाश यादव, घनश्याम, संतोष, जयपाल ने बताया ग्रामीण कई दिनों से ग्राम पंचायत के ग्राम रोजगार सहायक, प्रभारी सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर शिकायत दर्ज करवा चुके है। ग्रामीणों ने उन कार्यों की सूची भी दी जो कार्य धरातल से गायब है और उनकी राशि निकाल ली गई, कार्यो की लागत भी दर्शाई गई है। साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं में भी भ्रष्टाचार की जानकारी उपलब्ध करवाई गई है। ग्रामीणों का कहना है, शिकायत की मौके पर जांच की जाए तो हमारी शिकायत प्रमाणित हो जाएगी, लेकिन अधिकारियों द्वारा जांच तक नही की जा रही है। इस संबंध में हम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल को बार-बार शिकायत कर चुके है, जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले की शिकायत कलेक्टर से भी की गई है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने से ऐसा लग रहा है कि अधिकारी भ्रष्टाचारियों पर अंकुश लगाने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

### ग्राम रोजगार सहायक, प्रभारी सचिव के खिलाफ लगाए यह आरोप

*संतोष यादव ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत मालेगांव द्वारा लाखो का भ्रष्टाचार कर आय से अधिक सम्पति बनायी है। ग्रामीणों का कहना है कि इनके पास आय के साधन नौकरी के अलावा कोई और नहीं है जिसकी जांच होना चाहिए। इसके अलावा ग्राम पंचायत द्वारा मकान टेक्स 2 बार वसूला गया। नलजल से वसूली की गई, बिल 100 प्रतिमाह एव नल कनेशन 500 रुपये हितग्राही से लेकर ग्राम पंचायत खाते में नहीं जमा किया गया। कर्मचारी का भुगतान 15 वित्तआयोग से किया जा रहा है जो कि भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। ग्राम पंचायत रोजगार सहायक प्रभारी सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत में ग्राम पचायत में 15 वित आयोग से लगभग 6 लाख की राशी निकाली गई है। ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास की सूची में करीबियों का पूर्ण भुगतान किया गया लेकिन उनके मकान की प्लेंथ तक नहीं बनी हुई है। कई ऐसे मकान है जिसकी प्लेंथ बनी और पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।*

### पशु शेड बना नहीं और आहरित कर ली राशि

ग्राम पंचायत मालेगांव में पशु शेड निर्माण कार्य किसी भी ग्रामीण का नहीं हुआ और मनरेगा पोर्टल पर काशीराम पिता कुंजीलाल की दिखाई जा रही है, मौके पर किसी भी पशुशेड का कार्य नहीं हुआ बिना कराये राशी निकाली गई। ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव द्वारा पुल रपटा निर्माण कार्य कराया गया एवं चेक डेम निर्माण कार्य सीसी रोड निर्माण कार्य राजेश के घर से पंचायत भवन की ओर कराया गया जिसमें भारी भ्रष्टाचार किया है। ग्राम पंचायत मालेगांव अंतगर्त पस्तलाई रैय्यत में अमृत सरोवर बनाया गया जिसमें सचिव एवं सरपंच एव रोजगार सहायक के द्वारा अपने चहितों के खाते में मस्टर हाजरी भरकर लगभग 6 लाख का गबन किया गया। ग्राम रोजगार सहायक ने फर्जी हाजरी भरकर गबन किया। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर ग्राम रोजगार सहायक, प्रभारी सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

# संविधान ही एक ऐसा ग्रंथ है जो मानव को मानव के साथ रहने की सलाह देता है: डॉ.योगेश पंडाग्रे

## एक शाम बाबा साहेब के नाम में भीम गीतों को सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**सारनी।** पूरे हिंदुस्तान में संविधान ही एक ऐसा ग्रंथ है जो मानव से मानव को जोड़कर रखने की कला को सीखने का कार्य करता है।यह उदगार आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे ने एक शाम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि कव्वाली के माध्यम से कलाकार बाबा साहेब आंबेडकर के विचारो पर गीतो के माध्यम से चलने कि सलाह देते हैं।मैं साधुवाद देता हूं भारतीय आदर्श युवा मंडल बौद्ध समाज सारनी के सभी सदस्यों को जिन्होंने इस तरह के आयोजन करके बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने एवं समाज में जनजागृति लाने के लिए सदैव सक्रिय रहते हैं।आज संविधान ही एक ऐसा ग्रंथ है जो सभी मानव को मानव से जोड़ता है।बाबा साहेब द्वारा लिखित भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने ने बाबा साहब के द्वारा बताये गये पद चिन्हों पर चलने का निवेदन किया। कार्यक्रम का आयोजन नगर के वार्ड नंबर 3 मैं भारतीय आदर्श युवा मंडल बौद्ध समाज सारनी के तत्वधान में एक शाम बाबा साहेब के नाम जंगी कव्वाली का कार्यक्रम दोनो पार्टियों के कव्वाल चिचोली से मनोज शेषकर सम्यक म्यूजिकल ग्रुप एवं बडोरा से कैलाश मसतकार जय भीम गर्जना मंडल दोनो ही मंडल के सहयोगी साथियों ने एक से बढ़कर एक भीम गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं के मन को भोरविभोर कर दिया।दोनो टीमों ने श्रोताओ का भरपूर मनोरंजन किया श्रोताओं ने कलाकारों के सम्मान में खूब तालियां बजाईं कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर सोनारे द्वारा किया गया सर्वप्रथम समिति के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता त्रिलोक लोखंडे,किरण तायड़े,तुकाराम लोखंडे समस्त मंडल के सदस्यों द्वारा बुधवंदन त्रिशरण पंचशील लिया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.योगेश पंडाग्रे एवं नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिंह,मंडल अध्यक्ष नागेंद्र निगम, वार्ड पार्षद मीना ददन सिंह राणा के कर कमलों द्वारा तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबा साहेब आंबेडकर के छायाचित्र के समीप दीप मोमबत्ती प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गये।इसके बाद समिति द्वारा आगंतुक मुख्यअतिथि विशिष्ट अतिथि सम्मानित अतिथियों का स्वागत वंदन किया गया।इस कार्यक्रम में परासिया से डॉ.हेमंत मेश्राम,बौद्ध विहार समिति के कार्यकारी अध्यक्ष नारायण चौकिकर, विठ्ठल ढोके, गुलाबराव हुरमाडे, के. एल.सोनारे, प्रकाश शिवहरे, राहुल कापसे, विरेन्द्र सोनारे, निलेश राजवंशी, अमन वानखेड़े,रवि राउत, बब्लू अतुलकर, योगेन्द्र सोनारे, सतीष बौरासी, राजेंद्र सोनारे, संतोष चौकिकर, मुलेश रणित, सुधीर यादव, गोलू आदि रहे मौजूद।

## ग्राहक जागरण पखवाड़े का आयोजन, उपभोक्ताओं को दी जानकारी



ग्राहक जागरण पखवाड़ा मनाया

मुलताई। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत संगठन मुलताई द्वारा ग्राहक जागरण पखवाड़े का आयोजन न्यू कार्मल कान्वेंट स्कूल में किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए बने कानून एवं उपभोक्ता कैसे अपने साथ होने वाली ठगी से सतर्क रह सकते हैं इसकी विस्तार से जानकारी दी गई। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत संगठन के मुलताई प्रमुख डॉक्टर कृष्णा धोटे ने जानकारी देते हुए बताया कि उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे आप पेट्रोल पंप पर संदेह होने पर डीजल पेट्रोल की शुद्धता की जांच कर सकते हैं ।पेट्रोल पंप पर कौन-कौन सी सुविधा होनी आवश्यक है। कम माप होने का संदेह होने पर क्या करें, इसके साथ ही घरेलू गैस का वजन और गैस पूरी होने की पुष्टि कैसे करें ।हमें दवाई या अन्य सामग्री खरीदते समय बिल क्यों लेना चाहिए इस संबंध में वक्ताओं ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार अनामिका सिंह ,मोतीलाल कुशवाह संस्कार भारती के प्रांत सचिव,श्रीपाद निर्गुडकर अखिल ग्राहक पंचायत जिला प्रमुख मनीष धोटे जिला सचिव,संजय पाल भोपाल प्रान्त कार्यकारिणी उपस्थित रहे कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता का पूजनकर दीप प्रज्वलित कर किया गया ।जिसमें गैस एजेंसी व पेट्रोल पम्प द्वारा शुद्धता व अधिकारो की युवाओं को जानकारी दी तहसीलदार अनामिका सिंग ने युवाओं को ख़रीददारी में सजगता का संदेश दिया व मोतीलाल कुशवाह ने व श्रीपाद निगुड़कर ने ग्राहकों के अधिकारों की जानकारी दी आज वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई क जिसमे ललित महतकर तहसील प्रमुख डॉ कृष्णा धोटे,जितेंद्र काकड़े मुलताई प्रमुख कृष्णा गायकवाड़ ,भाऊराव पाटनकर दुनावा पट्टन व बिरुल बाजार प्रमुखब्रजमोहन मोहबे जोखेड़ा खेड़ली बाजार प्रमुख राकेश भुजाडे व अशोक पंवार सचिव मुलताई तय किये गए । कार्यक्रम में दिनेश लिखितकर द्वारा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के गीत के बाद वक्ताओं का भाषण के बाद न्यू कार्मल कान्वेंट के संचालक अनीस नायर सर का आभार व्यक्त कर समापन किया गया।

## छात्र और स्टाफ ने बताई समस्याएं

# जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने किया कॉलेज का निरीक्षण



**सारनी।** शासकीय महाविद्यालय सारनी जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने सोमवार को महाविद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया।जभास अध्यक्ष समिति के सदस्यों के साथ सुबह 11 बजे अचानक कॉलेज पहुंचे। सबसे पहले 10.30 से लगने वाली कक्षाओं की जानकारी ली। जनभागीदारी समिति द्वारा नियुक्त प्राध्यापकों की उपस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आधे से अधिक प्राध्यापक अनुपस्थित मिले। जिस पर अध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर की एवं प्रचार्य से अनुपस्थित रहने वाले प्राध्यापकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने महाविद्यालय के अन्य स्टाफ एवं छात्र छात्राओं से भी चर्चा की। प्राचार्य से छात्रवास शीघ्र प्रारंभ करने के लिए कहा।आउट सोर्स से छात्रवास के लिए रखे गए कर्मचारियों ने वेतन से संबंधित समस्याएं बताई। अध्यक्ष ने कहा कि आगामी समय में समिति की बैठक आयोजित कर सभी समस्यायों का हल निकाला जाएगा। छात्रवास के लिए बिजली पानी की व्यस्था के लिए जलआवर्धन योजना एवं विद्युत वितरण के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।निरीक्षण के दौरान प्रचार्य डॉ प्रमिला बाधवा,समिति के सदस्य सतीश बौरासी,अंजनी सिंह,सुभाष चौकीकर,रमेश खवसे मौजूद रहे।

## अट्ठारह सौ किलोमीटर का सफर तय करेंगे पदयात्री

# कड़ाके की ठंड, दुर्गम रास्ते पार कर महाराष्ट्र सीमा पहुंची ताप्ती यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



ताप्ती तट से मां ताप्ती की धर्म ध्वजा एवं सुख समृद्धि और पावनता का संदेश लेकर निकले संपूर्ण ताप्ती परिक्रमा पद यात्रियों ने ताप्ती तट पर बसे मध्य प्रदेश की सीमाओं के 50 से अधिक ग्रामों को पार कर महाराष्ट्र प्रदेश में प्रवेश कर लिया है। परिक्रमा यात्रा संयोजक राजू पाटन कर ने बताया कि मां ताप्ती परिक्रमा यात्रा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह है। यात्रा के सातवें दिन महाराष्ट्र के मेलघाट जंगलों की बधाओ को पार कर महाराष्ट्र के ग्राम कुटंगा पहुंचे इसके उपरांत दोपहर में रंगोवेली में ताप्ती भक्तों ने वन भोज ग्रहण किया आज ताप्ती भक्ति महाराष्ट्र के बैरागढ़ में विश्राम करेंगे। खून जमा देने वाली सर्दी और पहाड़ी रास्तों को चीरते हुए ताप्ती यात्रा में शामिल भक्तगण ताप्ती माई की जय गुन हो के नारे लगाते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं।

### 18 सौ किलोमीटर में से 200 किलो मीटर पहुंचे पदयात्री

मुलताई ताप्ती तट से निकलकर संपूर्ण ताप्ती परिक्रमा पदयात्रा 3 प्रदेशों से गुजरेगी। गुजरात के समुद्र तट समागम स्थल होते हुए यात्री अट्ठारह सौ किलोमीटर का सफर 63 दिनों में पुरा करेगी जिसमें से आज यात्रा का सातवा दिन है ।और यात्रा ने 200 किलोमीटर का सफर अब तक तय कर लिया है। अब तक यह यात्रा बोरगांव, नांदकुड़ी, गरव्हा, पंचधार, पारसढोह, बोरगांव के बाद दुर्गम रास्तों से होते हुए पांढुर्ना, कहरपानी पहुंची को ग्राम रिजोला, भैसाघाट में ग्रामीणों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। राजू पाटनकर ने बताया कि इस वर्ष ताप्ती संपूर्ण पदयात्रा को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जगह-जगह मां ताप्ती की आरती उतारी गई पूजन पाठ हुआ और उत्साह पूर्ण ग्रामीण इस यात्रा में शामिल हुए।

### मोटा पहुंची यात्रा, ग्रामीण ने मनाई दीपावली

मुलताई सीएम राइज स्कूल के पूर्व प्राचार्य एवं वर्तमान में बैतूल बाजार सीएम राइज के असिस्टेंट प्रिंसिपल आर मालवीय ने अपनी रविवार छुट्टी का दिन मध्य प्रदेश महाराष्ट्र की सीमा से गुजर रही ताप्ती परिक्रमा यात्रियों के साथ गुजारा और अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि माँ ताप्ती सम्पूर्ण परिक्रमा पदयात्रा छठवें दिन कुन खेड़ी से मोहटा के लिए रवाना हुई यात्रा बैतूल जिले की सुरम्य वादियों ,मनमोहक दृश्य,जिसमे कल कल स्वर करती ताप्ती नदी, घने जँगल, ऊंची पर्वत मालाएं ,बीच मे गेहूं चना के हरे भरे खेत यात्रियों को लुभा रही थी ।शाम होते होते जब हम मोहटा पहुंचे ,हमें गांव के बाहर रोक कर जलपान कराया गया जब अन्धेरा हुआ पुरा गांव दीपो की रोशनी से नहा उठा ।हर घर के सामने ,रोड के दोनों दीपो की डेढ़ किलो मीटर लम्बी श्रृंखला थी।आगे माँ ताप्ती का रथ उनके पीछे भजन गाते यात्री और घर के सामने आरती थाल लिए पुरा परिवार ,सजे धजे विडिओ बनाते बच्चे ,आतिशबाजी करते युवा यह गांव मोहटा की दिल को छुले वाली दीवाली थी। जन जन मे माँ ताप्ती के प्रति ऐसा भाव ऐसी आस्था का सैलाब शायद ही कहीं हो।

### संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक किया स्वागत

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित

**विकसित भारत संकल्प यात्रा नर्मदापुरम जनपद के ग्रामों में पहुंची। जहां यात्रा में हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रक और हितलाभ वितरित किया गया। कार्यक्रम में राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। आवेदन भी लिए गए।**




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। जनपद नर्मदापुरम के ग्राम कांद्राखेड़ी में संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विधायक सिवनीमालवा प्रेम शंकर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक द्वारा विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद सीईओ हेमंत सुत्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें। कांद्राखेड़ी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत और बहमनगांव कला में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपलठौंन और भरलाय,जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सामनापर और डापका, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत तिखड़ और टांगना, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछुआ और सिंगपुर,जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत नयाबोरी और खारदा तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्रामपंचायत तेलसिर और गुरमखेड़ी में संकल्प यात्रा पहुंची यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। 9 जनवरी को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहारी और आमूपूरा में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत खरार और पिपलियाकला, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पिसुआ और मटकुली, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत डोबीपूराऔर मलोथर, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत पडरईठाकुर और पांजरा, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत फुरतला और सीरवाड़ में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भमोरीखुर्द एवं मोकलवाडी में संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

# इंटर डिस्ट्रिक्ट के फाइनल में पहुंची ग्वालियर और मंदसौर की टीम

### सेमीफाइनल में मंदसौर ने जबलपुर, ग्वालियर ने भोपाल को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हॉकी मध्यप्रदेश के तत्वावधान में नर्मदापुरम के एस्ट्रोटर्फ मैदान पर जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला हॉकी प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला मंदसौर और ग्वालियर के मध्य मंगलवार को इटारसी के गांधी मैदान में दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा। नर्मदापुरम के मैदान पर हुए पहले सेमीफाइनल मैच में मंदसौर ने जबलपुर को 4-1 के अंतर से हराया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में भोपाल और ग्वालियर के मध्य संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ।

दोनों ही टीमों ने निर्धारित समय में एकदूसरे के खिलाफ 4-4 गोल किये। इस मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट में गया। इसमें ग्वालियर ने भोपाल को 6 के मुकाबले 7 गोल से पराजित कर फाइनल की टिकट पक्की कर ली। इससे पहले सुबह खेले गये चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में भोपाल और नर्मदापुरम की टीम के मध्य मुकाबला हुआ। नर्मदापुरम के खिलाडि़यों ने मैच पर पकड़ बनाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन भोपाल के खिलाडि़यों का खेल उन पर हावी रहा। यह मैच भोपाल ने 5-2 के अंतर से जीता।



### इटारसी के गांधी मैदान पर आज होगा इंटर डिस्ट्रिक्ट हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल

हॉकी मध्यप्रदेश के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ द्वारा जारी अंतर जिला हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज मंगलवार को इटारसी के गांधी मैदान पर होगा। इसी के साथ अखिल भारतीय महात्मा गांधी हॉकी प्रतियोगिता का आगाज भी गांधी मैदान पर ही होगा। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन एवं सचिव कन्हैया गुरयानी ने बताया कि मौसम की खराबी के कारण इंटर डिस्ट्रिक्ट के सेमीफाइनल तक सभी मैच होशंगाबाद के टर्फ मैदान पर कराये गये हैं। मौसम की अनुकूलता को देखते हुए 9 जनवरी, मंगलवार को सुबह 10 बजे प्रतियोगिता का उद्घाटन और इंटरडिस्ट्रिक्ट हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच दोपहर 1 बजे से होगा। उद्घाटन समारोह में आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे सुबह 10 बजे प्रतियोगिता का ध्वज फहराकर शुभारंभ करेंगे। उल्लेखनीय है कि लगातार बारिश के कारण गांधी मैदान खराब हो जाने से इंटर डिस्ट्रिक्ट हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल तक के सभी मैच होशंगाबाद में एस्ट्रोटर्फ मैदान पर कराये गये हैं। होशंगाबाद के मैदान पर हॉकी प्रेमियों की कमी न सिर्फ आयोजन समिति बल्कि हॉकी टीमों को भी खली है। मंगलवार को फाइनल मैच इटारसी में हॉकी प्रेमियों की उत्सुकता को ध्यान में रखते हुए कराया जाएगा। श्री जैन एवं श्री गुरयानी ने हॉकी प्रेमियों से आग्रह किया है कि मंगलवार को हॉकी का फाइनल मैच देखने दोपहर 2 बजे से पूर्व गैलरी में अपना स्थान सुनिश्चित कर लें।

# नगर में पहुंची विकास यात्रा में नपा अध्यक्ष ने दिया संबोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




नगर के दशहरा मैदान इतवारा बाजार में विकास यात्रा पहुंची। विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, उपाध्यक्ष संतोष परते, पार्षद कौशल्या बलराम ठाकुर एवं पार्षदगण उपस्थिति रहे। नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय एवं तमाम जनप्रतिनिधि संगठन के पदाधिकारी की उपस्थिति में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विधायक ने एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में दी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया कर रहा है किसने की समय की बचत को लेकर आम जनता की बचत को लेकर सारी सुविधाओं को जानकारी दी जा रही है। नागवंशी ने कहा कि मोदी सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं ने समाज के हर वर्ग को नई उम्मीद नहीं थी शादी है अपनी पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ उठाएं नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर के प्रत्येक व्यक्ति के साथ-साथ अंतिम छोड़कर व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंचने की बात कही वहीं पर नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने आभार व्यक्त करते हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा स्टॉल लगाए गए नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरपी नायक रूपेश मौर्य एवं सभी संस्थाओं के प्रभारी अधिकारी कर्मचारी सभी उपस्थित रहे और महिला मोर्चा की जिला महामंत्री ममता नागवंशी के साथ महिला मोर्चा की तमाम पदाधिकारी उपस्थित रही सभी में आने वाले लोकसभा चुनाव को पुनः भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार बनाने को लक्ष्य लेकर संकल्प दिलाया। जिसमें विकास खंड शिक्षा अधिकारी एसएल रघुवंशी, प्रदीप शर्मा, नरेंद्र राज, संजीव दुबे प्राचार्य एवं स्वास्थ्य विभाग उपसथित रहे।

# टीवी रोग से मुक्ति दिलाने के लिए पोषण सामग्री की गई वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



अस्पताल में लगातार टीवी के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। वर्तमान में तो देखा गया है कि बच्चों में भी टीवी रोग की बढ़ती हुई समस्या को लेकर पालक गण काफी परेशान नजर आ रहे हैं। लेकिन अस्पताल में टीवी शाखा के प्रभारी योगेंद्र दुबे ने बताया कि कुपोषण के कारण यह संख्या बढ़ती जा रही है क्योंकि लोग खानपान पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सबसे मजदूर वर्ग जो दिन-रात मेहनत तो करता है लेकिन शरीर के अनुरूप उसे प्रोटीन युक्त भोजन उपलब्ध नहीं कर पा रहा है जिसके कारण रोग बढ़ते जा रहे हैं। वर्तमान स्थिति में देखा जा रहा है कि 8-10 वर्ष के बच्चों को भी टीवी रोग हो रहा है। जो समाज के लिए काफी घातक सिद्ध हो रहा है। इसके लिए उन्होंने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोगों को इलाज करने की बात पर जोर दिया वहीं पर भारत विकास यात्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत में लगाने वाले शिविर में दुबे ने बताया कि ग्राम वासियों के सहयोग से ऐसे कुपोषित लोगों को पोषण युक्त आहार समाजसेवियों के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि वह समय से पोषण युक्त भोजन का उपयोग करें जिससे कि वह स्वच्छ रह सके।शासन के द्वारा नक्षत्र नामक योजना संचालित की गई है। जिसमें इन लोगों को पोषण युक्त राशन भोजन उपलब्ध कराने समाजसेवियों के माध्यम से अस्पताल के लोगों का प्रयास लगातार चल रहा है शासन के द्वारा ऐसी कोई योजना संचालित नहीं है। जिससे कि लोगों को पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराया जा सके लेकिन समाजसेवियों के माध्यम से पोषण युक्त भोजन एवं मान्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है तथा लोगों को अच्छा साफ स्वच्छ रहने एवं अच्छे भोजन करने की सलाह दी जा रही है। बीजनवाडा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें टीवी रोग के विशेषज्ञ योगेंद्र दुबे उप स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ नरेश बबरेले, ग्राम पंचायत सरपंच पति पंचम सिंह बैंकर एवं अन्य ग्राम वासियों के उपस्थिति में फलों का वितरण किया गया।

# तेली साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

राष्ट्रीय तेली साहू महासंघ्ठन के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विजय साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी नंदकिशोर साहू का जिले का दौरा था नगर में में साहू समाज संगठन द्वारा स्वागत किया गया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने सामाजिक बंधुओ से बातचीत की एवं साहू समाज के विकास के अनेक मुद्दों पर सामाजिक बंधुओ से चर्चा विचार विमर्श किया एवं साहू समाज की आगामी रणनीति के विषय में सभी सामाजिक बंधुओ ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर साहू समाज संगठन के संतोष साहू, मुकेश साहू, कैलाश साहू, विजय साहू, भगवत साहू, बसंत साहू, अशोक साहू, पप्पू साहू, शुभम साहू, अंसुल साहू, आदि सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रो आरके चौकीकर के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो.आरएस पटेल एवं डॉ अनीता साहू के मार्गदर्शन में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) द्वारा 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 हेतु मतदान के प्रति जागरूक एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सौरभ यादव बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम, ताशदा खान बी काम द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा स्वास्तिक रावत बीएससी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी 9 जनवरी को शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता मैं सहभागिता करने वाले एवं प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन प्रो. डीएस खत्री, प्रो.आरके चौकीकर महाविद्यालय स्टाफ द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

### स्थाई रोजगार देने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों का सेवा विस्तार व स्थाई रोजगार प्रदान करने स्थानीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह को जन सेवा मित्रों ने ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि प्रदेश में हम 9000 से अधिक जन सेवा मित्र पूरे मध्यप्रदेश में सरकार व जनता के बीच सेतु का काम कर प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाते हैं। मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने ज्ञापन में मांग की की हमारी इंटर्नशिप 31 जनवरी को खत्म होने वाली है लेकिन सेवा विस्तार व स्थाई रोजगार जैसी कोई लिखित सूचना हमें अभी तक प्राप्त नहीं हुई है वहीं विभिन्न माध्यमों से मौखिक सूचना प्राप्त हो रही है की इंटर्नशिप को बंद किया जा रहा है इंटर्नशिप बंद होने से प्रदेश के 9 हजार से अधिक युवा बेरोजगार हो जाएंगे। युवाओं के समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने विधायक से कहा कि हमारी बात मुख्यमंत्री जी के समक्ष रख प्रदेश के 9 हजार जन सेवा मित्रों का सेवा विस्तार कर स्थाई रोजगार व हमारे वेतन में इजाफा करने की कृपा करें ताकि हम जन सेवा मित्र प्रदेश के विकास में इसी तरह जन सेवा कर प्रदेश को आगे बढ़ते रहें। ज्ञापन देने वालों में अजीत अहिरवार, नितिन यादव,उद्देश्य यादव, रक्षा साहू, निकिता राजपूत, नितेश अहिरवार, सौरभ अहिरवार, हरिओम निमोदा, अर्जुन दायमा, अजय अहिरवार, विजय अहिरवार, राजकुमार दायमा, चैनसुखी यादव, प्रियंका प्रजापति, सरस्वती कलम, सोनम यादव उपस्थित रहे।

# शोभापुर ने पहली बार विधायक कप

### भीष्म कहार की हैट्रिक की बदौलत मटकुली क्वार्टर फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



भाजपा मंडल शोभापुर के आयोजन में शोभापुर में आयोजक सचिन पुरबिया के आयोजन में विद्यायक कप का आयोजन कल दोपहर 12 से शुरू हुआ । उद्घाटन मैच मटकुली और ग्रामीण एकता के बीच हुआ जिसने भीष्म कहार द्वारा लिए गए हैट्रिक की बदौलत मटकुली ने ग्रामीण एकता को 15 रनो से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। दूसरा मैच मटकुली और बरेली के बीच हुआ, जिसमे मटकुली ने बरेली को 23 रनो से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उद्घाटन मैच में सुरेश पटेल, बलराम बैश, ललित पटेल, शरद दुबे, संजीव ठाकुर, अशोक पटेल, राजकुमार पटेल, हरनाम सिंह ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, कमलेश आचार्य, मिथलेश ठाकुर, चंदन सिंह, नीरज कुशवाहा, केशव पटेल, राहुल सिंह, चुन्नीलाल ठाकुर, रामदास बैरागी, अजय श्रीवास्तव, स्कोरर मनीष पुरबिया कमेंट्री बादशाह खान ने की तो वहीं आर एस गैलरी द्वारा सभी मैचों का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

### आदिवासी ब्लॉक में आयोजित विचार गोष्ठी में उठी मांग

# केसला ब्लॉक में लगे बिरसा मुंडा की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



केसला आदिवासी ब्लॉक में समस्त आदिवासी जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठों के साथ युवाओं ने आगामी कार्यक्रमों में विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन किया। बैठक में एक बार फिर विधानसभा क्षेत्र को आदिवासी समाज के लिए आरक्षित करने को लेकर फिर मांग उठी। समाज के युवा आकाश कुशराम ने बताया कि बिरसा मुंडा प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता, आरक्षित विधानसभा के साथ-साथ आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक केसला में संग्रहालय होना चाहिए जैसे भोपाल में स्थित है। आदिवासी चाहते हैं कि भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जाए। फागराम ने कहा कि आदिवासी ब्लॉकों में संग्रहालय हो, साथ ही वन संरक्षण के लिए विशेष कदम उठाए जाएं। युवा पार्षद राहुल प्रधान ने कहा कि आदिवासी बहुल ब्लॉक केसला में आदिवासियों की सांस्कृतिक चीजें उकेरी जाएं, भगवान बिरसा मुंडा की बड़ी प्रतिमा स्थापित की जाए। आदिवासी नेत्री तारा बरकड़े ने आदिवासी समुदायिक भवन की बात रखी। उन्होंने कहा कि समस्त सामाजिक जनप्रतिनिधियों एवं सहयोगी संगठनों की मदद से हमें भवन निर्माण करना चाहिए। तिलक सिंदूर समिति अध्यक्ष बलदेव टेकाम ने जागरूकता का संदेश दिया। विजय कांवरे ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर हमें विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है, उन्होंने दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की आवश्यकता बतायी और बैठक में आए समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। रजत मर्सकोले एवं पुरुषोत्तम धुर्वे ने रोजगार और व्यवसाय के लिए मार्गदर्शित किया। बिरसा मुंडा सोसाइटी के सचिव अंकित कुमरे ने बताया कि एनजीओ के माध्यम से हम लोगों को रोजगार से जोड़ेंगे। बैठक में पूर्व सरपंच पप्पू परते, विनोद मर्सकोले, शुभम कलमे, सरपंच राघवेंद्र, उपसरपंच मोहन पंद्राम, विनोद वाडिवा मीडिया प्रभारी, अंकित युवने बृज उईके, अशीष गज्जाम, सचिन, नारायण चौहान, गोविंद मर्सकोले, शुभम ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# रासलीला में मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्थानीय स्वयंवरम् गार्डन में चल रही रासलीला में सोमवार को मयूर नृत्य की लीला प्रस्तुत की गई। जो दर्शकों को मनमोहक लगी। मयूर नृत्य लीला को देखने सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। इस दौरान भगवान कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति भी दी गई।

# धार्मिक स्थलों के पास चलेगा विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगरपालिका की स्वास्थ्य विभाग की बैठक सोमवार को हुई। जिसमें सभापति राकेश जाधव ने अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान होने के पूर्व शहर के सभी धार्मिक स्थलों के पास विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जाधव ने बैठक में स्वास्थ अधिकारियों और वार्ड मुकद्दमों को शहर के सभी धार्मिक स्थलों के आस पास विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा। जाधव ने कहा कि कई सालों की तपस्या के बाद प्रभु श्रीराम विशाल मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। शहर के प्रत्येक धार्मिक स्थलों की सफाई के साथ-साथ कीटनाशक दवा का छिड़काव करे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर नागरिकों से भी अपील की है कि 14 जनवरी को अपने आसपास के मंदिरों की भी सफाई अभियान चलाकर सफाई करें ताकि शहर अयोध्या मंदिर अयोध्या लग सके। बैठक में पार्षद नारायण ठाकुर, राहुल प्रधान, स्वास्थ विभाग के अधिकारी मयंक अरोरा, कमलकांत बडग़ोती, जगदीश पटेल, स्वदेश मोहबिया मौजूद थे।

### कसरावद तहसील सहित जिलेभर में यूरिया खाद की कमी ने किसानों को संकट में डाला

# बोरावा खाद केंद्र से 3 महीने में 22500 डिफाल्टर किसान नगदी में ले गए खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले की कसरावद तहसील सहित जिलेभर में यूरिया खाद की कमी ने किसानों को संकट में डाल दिया है। खासकर समिति के सदस्य नहीं होने व डिफाल्टर किसान जो नकद भुगतान पर खाद खरीदने के लिए एकमात्र बिक्री केंद्र मार्केटिंग सोसायटी पर निर्भर हैं, किंतु वहां भी इतना खाद सप्लाइ किया जाता है कि इससे पांच गुना अधिक किसान कतार में खड़े रहते हैं। सभी समितियों पर नकद भुगतान पर खाद बिक्री के आदेश प्रदान करने की मांग की जा रही है।

इधर, विभाग द्वारा समितियों के पास खाद उपलब्धता बताई जा रही है। मौसम धीरे-धीरे साफ हो रहा है। रबी सीजन की फसल गेहूं, चना व मटर में आखिरी दौर की सिंचाई के पहले यूरिया व अन्य खाद की जरूरत है। किसान अपने नियमित खातों के अलावा खाद के लिए गोदाम की तरफ दौड़ लगा रहे हैं। जिला विपणन संघ मर्यादित खरगोन जिले की कसरावद तहसील के बोरावा गोदाम पर पिछले तीन माह से किसान भीड़ के बीच खाद ले जाकर फसल में दे रहे हैं। रबी सीजन में 22500 किसान खाद ले चुके हैं। इनमें से ज्यादातर डिफाल्टर हैं। किसान सुबह 6 बजे ऋण पुस्तिका व आधार कार्ड लेकर कतार में खड़े होते हैं। 15 फीट ऊंचे काउंटर से उनके दस्तावेज लिए जाते हैं तब उन्हें खाद मिलती है। बैलगाड़ी व बाइक से दूरदराज तक खाद ले जाते हैं। खाद केंद्र प्रभारी जीवन मोरे का दावा है कि 1 अक्टूबर 2023 से अब तक 22500 किसानों को केंद्र से खाद वितरित किया है। अब संकट जैसे हालात नहीं है। कुछ समस्याएं हैं उन्हें हल कर लिया जाएगा।




#### *14 सोसाइटी में खाद होता है सप्लाई*

*जानकारी के मुताबिक विपणन केंद्र के इस गोदाम से क्षेत्र की 14 सोसाइटी में खाद का सप्लाई होता है। इस सीजन में यहां से डीएपी 500 टन, यूरिया 1300 टन, एनपीके 60 टन, पोटाश 55 टन, सुपर 80 टन सप्लाई किया गया। इसके अलावा भीकनगांव, ठीकरी, कसरावद, महेश्वर क्षेत्र के किसानों को भी यहां से खाद उपलब्ध हो रहा है। 1300 में से 900 तन खैरची गया। केंद्र प्रभारी के मुताबिक रबी सीजन में 1300 तन समिति को खाद भेजा गया इनमें से 900 टन खाद स्थानीय स्तर पर किसानों को खेरची में उपलब्ध कराया गया। अभी 350 किसान खाद ले जा रहे हैं। कुछ समय पहले 550 किसान पहुंच रहे थे। किसान ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड के फोटोकॉपी दस्तावेज लेकर फिंगरप्रिंट से उन्हें उपलब्ध करा रहे हैं।*

# टमाटर के खेत में मिला कॉलेज छात्रा का शव, हत्या की आशंका

### कॉलेज जाने का कहकर घर से निकली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर ऊन थानाक्षेत्र के ग्राम आछलवाड़ी में एक कॉलेज छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला है। छात्रा का शव गांव से कुछ ही दूर स्थित एक टमाटर के खेत से बरामद किया गया। जहां छात्रा के कंधे पर बेग टंगा हुआ था। परिजनों के मुताबिक छात्रा घर से कॉलेज जाने का कहकर निकली थी लेकिन वापस घर नहीं लौटी। परिजन एवं ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह लवंशी ने बताया महिला डॉक्टर की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया है। मंगलवार तक रिपोर्ट मिल जाएगी उसी के मुताबिक कार्रवाई होगी। एएसपी तरुणेंद्र सिंह के मुताबिक पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। जल्द मामले का खुलासा करेंगे।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सेगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत आछलवाड़ी में 20 वर्षीय छात्रा अनीता का शव टमाटर के खेत से बरामद हुआ है। गांव के बकरी चराने वाले लड़कों ने टमाटर के खेत में शव देख परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। युवती का शव मिलने की सूचना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण भी खेत पर जमा हो गए। एएसपी तरुणेंद्र सिंह ने कहा पंचनामा बनाकर पीएम कराया है साइबर इन्वेस्टिगेशन चल रहा है मुखबीरों को सक्रिय किया है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। घटनास्थल का भी मौका मुआयना किया है। मौत के कारणों की जांच के लिए टीम गठित की गई है।

## किसानों को दी सलाह, कैसे बचाएं फसल

**हरदा।** बेमौसम हुई बारिश के बाद फिर से किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया है। रबी सीजन में किसानों ने गेहूं, चना, मक्का और सरसों की फसल की बोनी की गई है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र का दौरा कर किसानों को फसलों में लगने वाली बीमारियों से बचाव के साथ बेहतर उत्पादन लेने के लिए जरूरी सावधानियां भी बताई जा रही हैं। उप संचालक कृषि संजय यादव ने किसानों को सलाह दी है कि जिन किसानों ने खेतों में सिंचाई की। वो सिंचाई ना करें। वहीं यदि खेतों में जलभराव की स्थिति बनती हो। वहां पर तुरंत जल निकासी की व्यवस्था की जाए।

## सामूहिक प्रयासों से देश बनेगा विकसित भारत : ताराचंद यादव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कसरावद तहसील के ग्राम बड़गांव में पहुंची। यात्रा के कार्यक्रम में अनेक विभागों के अधिकारी कर्मचारी के साथ जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान यात्रा प्रभारी अधिकारी ने यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि जैसा नाम से ही स्पष्ट है कि हम सभी को भारत को 2047 तक विकसित बनाने का संकल्प लेकर कार्य करना है। योजनाओं की जानकारी देने के साथ विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाकर पात्र लोगों को तत्काल योजनाओं का लाभ प्रदान कर रहे हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रिकॉर्डेड उद्बोधन सुनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि ताराचंद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ आप और हम पूरे 140 करोड़ जन मिलकर सामूहिक प्रयासों से देश को विकसित बनाएं। यात्रा का दूसरा उद्देश्य यह है कि आप लोगों को कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े और शासन खुद आपके द्वार पर आकर योजनाओं का लाभ प्रदान करें। इस दौरान सरपंच कृष्णलाल भूरिया, सचिव आरिफ खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने को लेकर भाजपा ने दिया ज्ञापन

**हरदा।** पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के विरूद्ध लगाए गए झूठे आरोप के मामले में कांग्रेस नेता सुरेन्द्र जैन एवं कांग्रेस विधायक आरके दोगने के खिलाफ अपराध दर्ज करने के लिए भाजपा ने पुलिस थाने पहुंचकर ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में भाजपा नेताओं ने बताया कि एक वीडियो के माध्यम से संज्ञान में आया है कि कांग्रेस नेता सुरेन्द्र जैन एवं कांग्रेस विधायक आरके दोगने द्वारा तथाकथित पर्चे वितरण के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कमल पटेल एवं उनके परिवार व भारतीय जनता पार्टी पर दुर्भावना पूर्वक मनगढंत झूठे आरोप लगाकर छवि को धूमिल करने का कार्य किया गया है। जो पर्चे वितरित किए गए हैं, उसमें दो व्यक्तियों के फोटो लगे हुए हैं जिन्होंने पर्चे वितरित किए हैं उन्हे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके बाद भी कांग्रेस नेताद्वय द्वारा बिना किसी प्रमाण के यह आरोप भी लगाया है कि भाजपा नेता व उनके परिवार के लोग जिले में जूआ, शराब, सट्टा, अवैध उद्खनन एवं मादक पदार्थ का कारोबार करते थे जो वर्तमान में बंद हुए हैं। इस प्रकार पूर्णता असत्य एवं राजनैतिक द्वेषता से प्रेरित यह बयान दिया है। भाजपा नेताओं ने आशंका जताई कि सुरेन्द्र जैन स्वयं के लिए सुरक्षा चाहते है इसलिए हो सकता है ये पर्चे इनके स्वयं के द्वारा या इनके किसी व्यक्ति के द्वारा बटवाए गए है। पर्चे मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने बताया था कि 4 महीने पहले गांजा जब्त होने पर सिविल लाइन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपी बाजिद और रेहान के बीच जमानत को लेकर विवाद हुआ था। उसी को लेकर उन्होंने पेपर में छपी फोटो की फोटोकॉपी करवाई और उसमें सुरेन्द्र जी लिखा था। आरोपियों ने बताया कि उनका राजनीती से कोई लेना देना नहीं था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया और एक को शांति भंग करने के मामले में गिरफतार किया।



#### कार्रवाई की जाएगी

भाजपा नेताओं ने आवेदन दिया है उसको जांच में लिया है। वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पर्चा मामले में एक आरोपी गिरफ्तार कर चुके हैं।

**एआर खान,** टीआई हरदा

### मामला चना खरीदी घोटाले का

## भारतीय किसान संघ ने सोसायटी केंद्र का घेराव कर प्रदर्शन किया

**खंडवा।** भारतीय किसान संघ ने सोसायटी केंद्र का शटर गिराया। बतादें की गुडी सोसायटी की किसान से चना खरीदा और फर्जी भुगतान बताया। गौरतलब है की भारतीय किसान संघ ने सोमवार को एक सोसायटी केंद्र का घेराव कर प्रदर्शन किया। यहां तक सोसायटी के दफ्तर में अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत थे, तभी मेन गेट के शटर को गिरा दिया। सोसायटी का स्टाफ भीतर रह गया ।



मामला गुडी सोसायटी में चना खरीदी घोटाले का है। सोसायटी ने रबी उपार्जन के तहत जिस किसान से चना खरीदी था उसे पैसे नहीं दिए और फर्जी भुगतान बता दिया। जानकारी के मुताबिक, रबी उपार्जन वर्ष 2022-23 में चना खरीदी की गई थी। इस दौरान किसान गेंदालाल पिता अमर चौधरी ने 22 मई 2023 को 40 क्विंटल चना समर्थन मूल्य पर सोसायटी को बेचा था। जिसकी कीमत 2 लाख 13 हजार 400 रूपए थी। जिसका भुगतान किसान को आज तक नहीं हुआ है। आरोप हैं कि संस्था के मैनेजर और चना खरीदी प्रभारी एवं ऑपरेटर द्वारा किसान का बिल डिलीट् कर उपार्जन केंद्र पर खरीदे गये चने में हेराफेरी की गई हैं। हेराफेरी का मामला सामने आने के बाद भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन देकर शिकायत की थी। इधर, भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने गुड़ी पहुंचकर विरोध जताया। जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### ग्राम मगरधा, मोहनपुर, गहाल, उन्द्राकच्छ, भादूगांव व टेमागांव पहुंची यात्रा

# संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जिले के ग्राम मगरधा, मोहनपुर, गहाल, उन्द्राकच्छ, भादूगांव व टेमागांव पहुंची। संकल्प यात्रा के दौरान सभी ग्रामों में स्कूली छात्राओं व महिलाओं ने कलश यात्रा आयोजित की।

संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम मोहनपुर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत ने यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा ग्रामीणों को भारत सरकार की ओर से प्राप्त केलेण्डर वितरित किये गये। यात्रा के साथ चल रहे प्रचार वाहन का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया तथा वाहन में लगे एलईडी टीवी पर विकास कार्यों पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।




यात्रा के दौरान कृषि विभाग द्वारा खेतों में नेनो यूरिया का ड्रोन से छिड़काव करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया और किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किये गये। शिविरों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये तथा योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक ग्रामीणों से योजनाओं के आवेदन भी भरवाये गये। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया तथा ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर गांव के मरीजों को दवाईयां दी गई।

## अभाविप की कार्यकारणी का गठन, जयंत बने अध्यक्ष

**हरदा।** जिला मुख्यालय के स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकारिणी का गठन किया गया। नगर मंत्री दीपेश चौबे ने कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें महाविद्यालय के अध्यक्ष पद के लिए जयंत चौहान, मंत्री कनक ऊईक का मनोनयन किया गया। वहीं उपाध्यक्ष संजना नायक,पवन जानी, अनुष्का शर्मा एवं कृतिका गुर्जर को बनाया गया। सहमंत्री वर्षा कलम, अभिषेक राजपूत, तृप्ति गहलोत, शिल्पा पाटिल एवं पंकज बेड़ा को बनाया गया।

एसएफएस प्रमुख आकाश नखरे, सोशल मीडिया प्रमुख आदर्श दोबारा, एसएफडी हरिओम राजपूत, संपर्क प्रमुख दीपक करोड़े, वर्षा मेहरा, सीसी प्रमुख अमित सैनी, कला मंच प्रमुख कला मंच प्रमुख सलोनी उईके, सह प्रमुख प्राची सखरे, एसएफडी सह प्रमुख निकिता धनवार, छात्रावास प्रमुख प्रिया दर्शन, सह प्रमुख वर्षा मेहरा, खेल प्रमुख गौरव मालवीय, सह प्रमुख नेहा राठौर, आंदोलन प्रमुख संजय मेहरा, एसएफएस प्रमुख कनक, खेलो भारत प्रमुख रामदीन गुर्जर एवं सदस्य राधामोहन गुर्जर निकिता राजपूत, रोहित पीपलोद को बनाया गया। कार्यकारिणी की घोषणा के दौरान मयंक काले प्रातः काल मंच प्रमुख, जिला संगठन मंत्री आशीष शर्मा, भूपेंद्र तोमर, स्वावलंबी भारत टोली सदस्य, विभाग छात्रा प्रमुख लीषिका काले, अंजलि पीपलोदे, नगर अध्यक्ष राजेश दीक्षित, फाल्गुनी काले, दीपक बकोरिया दीपक, रूपल बंसल सह मंत्री आदि उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं

**हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपना स्वयं का नाम हरदा जिले की मतदाता सूची में 10 जनवरी तक आवश्यक रूप से जुड़वा लें। साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के नाम भी उनके पदस्थापना क्षेत्र की मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए उन्हें निर्देशित करें तथा आगामी 1 सप्ताह में यह प्रमाण-पत्र जिला निर्वाचन कार्यालय को भिजवाएं कि ह्याह्यकार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों के नाम जिले की मतदाता सूची में जुड़वा लिए गए हैं।

### समारोह पूर्वक मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**हरदा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिले में समारोह पूर्वक बनाया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में की। जिला पंचायत सीईओ सिसोनिया ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति की भावना पर केन्द्रित रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने जिला व खण्ड स्तरीय कार्यालयों में ध्वज संहिता का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की व्यवस्था करें। जिला पंचायत सीईओ श्री सिसोनिया ने बैठक में निर्देश दिये कि नेहरू स्टेडियम में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों और लोकतंत्र रक्षकों का सम्मान शॉल व श्रीफल प्रदान कर किया जाए।

## 'भारत संकल्प यात्रा के दौरान अधिकारी भी गांवों का दौरा करें'



**हरदा।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार नागरिकों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसके तहत आगामी 26 जनवरी तक हर दिन 5-6 गांवों का दौरा किया जा रहा है। सभी जिला अधिकारी स्वयं भी समय-समय पर इस यात्रा में शामिल गांवों का दौरा कर कार्यक्रम में शामिल हो और अपने खण्ड स्तरीय अधिकारियों को भी यात्रा के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दें ताकि यात्रा के दौरान आने वाले आवेदन व जनसमस्याओं की मौके पर ही सुनवाई हो सके। यह निर्देश जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। जिला पंचायत सीईओ सिसोनिया ने सभी एसडीएम से कहा कि अपने क्षेत्र के कोटवारों व पंचायत सचिवों को माध्यम से संकल्प यात्रा के गांव में आगमन से दो-तीन दिन पूर्व मुनादी के माध्यम से यात्रा का प्रचार-प्रसार कराएं।

### प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 15 को आईटीआई में

**खंडवा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सिहाड़ा रोड आनंद नगर खंडवा में 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि यह मेला प्रातः 10 से आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मेले में प्रतिष्ठित व्ही.ई. कॉमिर्शियल व्हीकल लिमिटेड, देवास अप्रेन्टिसशिप हेतु योग्य उम्मीदवारों का चयन करेगी। मेले में आईटीआई उर्त्तीर्ण युवक एवं युवतियों शामिल हो सकते हैं। इच्छुक बेरोजगार युवा मेले में भाग लेना चाहते हैं तो वे अपने समस्त मूलप्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित शासकीय आईटीआई, सिहाड़ा रोड, आनंद नगर खण्डवा में प्रातः 10 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। अप्रेन्टिसशिप के लिए भर्ती अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों की शर्तों के अनुसार की जाएगी।

### कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने की व्यवस्था प्रदेश सरकार ने की है। इसमें दर्ज शिकायतों का गंभीरता से निराकरण किया जाए तथा किए गए निराकरण को पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज किया जाए। यह बात कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने पंधाना तहसीलदार को जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करें। सभी जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देश दिए कि उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो को गुणवत्ता के साथ करायें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पीएम किसान निधि के तहत किसानों का ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को पट्टे वितरित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि विकसित संकल्प भारत यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाने के निर्देश भी दिए।



बैठक में कलेक्टर सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अविवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, संबल योजना, अनुग्रह सहायता योजना, अमृत सरोवर, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, जीवन ज्योति बीमा एवं सुरक्षा बीमा योजना का प्रचार प्रसार किया जायें एवं शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रेन बसेरो का निरीक्षण करें एवं वहां आवश्यक सुविधाओं को तत्परता के साथ उपलब्ध करायें। उन्होंने सभी राजस्व के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय सीमा में गिरदावरी का कार्य पूर्ण करें। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से होस्टल में जाकर विद्यार्थियों की जांच करें। बैठक में आरटीओ को निर्देश दिए कि वे वाहनों की नियमित जांच करें और नियम विरूद्ध होने पर लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही करे। इसके अलावा उन्होंने अनुपयोगी व खुले बोरवेल को बंद करायें और बिना परमिशन के नलकूप खनन पर प्रतिबंध किए जाएं।

#### 12 जनवरी को आयोजित होगा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

जिले में सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय कार्यक्रम आगामी 12 जनवरी को श्री रायचंद नागड़ा उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। साथ ही जिले के प्रत्येक स्कूलों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित कराएं।